# विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

## संशोधित परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

स्नातक सत्र 2015–18 से 2019–22 तक Semester I से लेकर Semester IV तक के B.A. Core एवं B.Sc. Core के परीक्षार्थियों का एक ही विषय के GE का परीक्षा लिया गया। परीक्षा पर्षद् की बैठक दिनांक 15.05.2023 में लिए गए निर्णयानुसार छात्र हित में Semester I से लेकर Semester IV तक एक अतिरिक्त GE विषय की परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस परीक्षा में इच्छुक परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते है। सेमेस्टर –VI का अंक पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र में कोई परिवर्त्तन नहीं किया जायगा। GE का अतिरिक्त विषय वह होगा जो संबंधित महाविद्यालय में पढ़ाई होती है एवं सरकार से उन विषयों में संबंधन प्राप्त हो।

**परीक्षा प्रपत्र भरने से पहले अपने–अपने महाविद्यालय से सम्पर्क स्थापित कर GE विषय का चयन कर लें तदुपरांत ही परीक्षा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। आंतरिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।**

**Online परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि निम्न प्रकार है–**

| | |
|---|---|
| परीक्षा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की तिथि | 06.07.2023 से 26.07.2023 तक |
| महाविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रपत्र स्वीकार (Accept)/ अस्वीकार (Reject) करने की अंतिम तिथि (जिस तरह का केस हो) | 28.07.2023 |

नोटः

1. दिनांक **27.07.2023** से 100/– रूपये प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा प्रपत्र भर सकते हैं।
2. **परीक्षा शुल्क रू. 250/–रूपये। (चारों सेमेस्टर के लिए)**
3. **पाठ्यक्रम के नियमानुसार जो परीक्षा प्रपत्र भरने योग्य है वहीं परीक्षा प्रपत्र भरेंगे।**
4. परीक्षा प्रपत्र Online mode में www.vbuuniv.in / www.vbu.ac.in में भरा जाएगा। परीक्षा फार्म भरने से पहले निम्नलिखित दिशा निर्देशों को ध्यान से पढ़ें:
   a) नए आवेदकों को "Registration for New User" लिंक पर क्लिक करना होगा जिससे "Create User" पेज खुल जाएगा।
   b) "Create User" पृष्ठ के अंतर्गत सभी जानकारियों को भरना अनिवार्य है जिन्हें तारांकित चिह्न(*) द्वारा इंगित किया गया है।
   c) आवेदक को रजिस्ट्रेशन नंबर और यूजरनेम में यूनिवर्सिटी रोल नंबर डालना अनिवार्य है। इसे सिस्टम द्वारा सत्यापित किया जायेगा।
   d) जिन आवेदकों के पास वैध ईमेल, आईडी नहीं है उन्हें नया "User"बनाने से पहले ईमेल, आईडी बनाना होगा। आवेदकों को यह भी सुनिष्चित करना होगा कि ईमेल, आईडी और पासवर्ड को भविष्य के सभी पत्राचार/संदर्भ के लिए सुरक्षित रखा जाए।
   e) नए "User" के निर्माण की पुष्टि के लिए आपके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी जाएगा। पुष्टि करने के लिए उस ओटीपी को भरें।
   f) आगे बढ़ने से पहले अपने पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी तैयार रखें। स्कैन की गई तस्वीर का आकार और हस्ताक्षर अलग–अलग 20 KB से 50 KB तक एवं JPEG फॉर्मेट में होना चाहिए। हस्ताक्षर केवल काली स्याही के बॉल पेन से किए जाने चाहिए।
   g) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करें और फॉर्म भरने के लिए आगे बढ़ें।
   h) "Create User" पृष्ठ को पूरा करने के बाद पृष्ठ के नीचे दिए गए "Sign up" बटन पर क्लिक करें।
   i) परीक्षा शुल्क भुगतान के पूर्व सभी कॉलम सही तरह से भरा है कि नहीं इसकी जाँच कर लें।
   j) Final submission के बाद किसी तरह का कोई संशोधन नहीं हो सकता है।
   k) फार्म भरने में किसी तरह की समस्या होने पर इन नम्बरों पर सम्पर्क स्थापित करें।

   7520381245, 8252642652

*Umesh/Exam. Notice /680*

कुलपति के आदेश से
ह0/–
(डॉ0 गौरी शंकर तिवारी)
परीक्षा नियंत्रक
दिनांक– 06.07.2023

ज्ञापांक/विभावि/प0–539/1735/2023

प्रतिलिपिः

1. सभी प्रधानाचार्य, वि0 भा0 वि0 के अन्तर्गत।
2. कम्प्यूटर सेल, परीक्षा विभाग, वि.भा.वि. ।
3. परीक्षा विभाग के संबंधित सहायक ।
4. भंडार शाखा, परीक्षा, गोपनीय शाखा, परीक्षा, वि0 भा0 वि0 ।
5. कुलसचिव/वित्त पदाधिकारी, वि0 भा0 वि0।
6. कुलसचिव, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
7. निजी सहायक कुलपति, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ ।
8. विश्वविद्यालय वेबसाइट(www.vbu.ac.in)

06/07/23

परीक्षा नियंत्रक

6.7.23

Umesh/Exam. Notice /681